# भारतीय जनता पार्टी

## (केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

22 जून 2023, गुरुवार

**केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा श्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 9 सफल वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में दुर्ग, छत्तीसगढ़ में आयोजित विशाल जनसभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु**

**छत्तीसगढ़ की जनता के आशीर्वाद से श्री नरेन्द्र मोदी जी दो-दो बार प्रधानमंत्री बने हैं। 2024 में भी छत्तीसगढ़ की जनता ने श्री नरेन्द्र मोदी जी को ही लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का निर्णय ले लिया है। 2023 में छत्तीसगढ़ विधानसभा का चुनाव भी है जिसमें निश्चित रूप से इस बार कमल खिलेगा।**

******************

**आज पूरी दुनिया में हमारे प्रधानमंत्री जी का भव्य स्वागत और सम्मान हो रहा है। अभी प्रधानमंत्री जी अमेरिका की राजकीय यात्रा पर हैं जहाँ उनका भव्य स्वागत हो रहा है।  यह सम्मान हर भारतवासी का सम्मान है, यह सम्मान छत्तीसगढ़ के नागरिकों का भी सम्मान है।**

******************

**कांग्रेस पार्टी राहुल गाँधी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए पूरा जोर लगा रही है। मैं देश भर में दौरा कर रहा हूँ। मैं जहाँ भी जाता हूँ, जनता जनार्दन से पूछता हूँ कि अगला प्रधानमंत्री कौन बनेगा तो जनता की एक ही आवाज होती है मोदी-मोदी।**

******************

**कांग्रेस की सरकार में देश में वामपंथी उग्रवाद चरम पर था। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के शासन में वामपंथी उग्रवाद बहुत ही कम क्षेत्र में सीमित होकर रह गया है।**

******************

**बघेल सरकार वादाखिलाफी करने वाली सरकार है। इस सरकार ने इतनी वादाखिलाफियां की हैं कि छत्तीसगढ़ की जनता चुनाव की राह देख रही है। चुनाव आते ही आपकी कुर्सी पलटना तय है।**

******************

**भूपेश बघेल की सरकार ने छत्तीसगढ़ में शराबबंदी की घोषणा की थी लेकिन यहाँ पर शराब की होम डिलीवरी शुरू कर दी। कांग्रेस की छत्तीसगढ़ सरकार ने 10 लाख नौकरी देने की घोषणा की थी लेकिन कितनों को अब तक नौकरी दी गई, किसी को भी नहीं पता।**

******************

**कांग्रेस की सरकार ने छत्तीसगढ़ में बेरोजगारों को 2,500 रुपये प्रति माह बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था, किसी को भी नहीं मिला। किसानों का कर्जा माफ़ करने का भी वादा किया गया था, वह भी पूरा नहीं हुआ। रेडी टू इट भोजन बनाने वाली 22 हजार महिलाओं की नौकरी चली गई।**

******************

**बुजुर्ग माताओं को वृद्धा पेंशन भी समय पर नहीं मिल रहा है। बघेल सरकार ने छत्तीसगढ़ पर डेढ़ लाख करोड़ रुपये का कर्जा भी चढ़ा दिया है।**

******************

**चावल वाले बाबा रमन सिंह जी जब मुख्यमंत्री थे, तब तेंदु पत्ता का सही रेट और पैसा दोनों मिलता था जबकि आज गरीब आदिवासियों का तेंदु पत्ता का लगभग 500 करोड़ रुपये का बकाया है।**

******************

**छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार घोटाले पर घोटाले कर रही है। भूपेश बघेल सरकार में 2,000 करोड़ रुपये का शराब घोटाला, 500 करोड़ रुपये का कोयला परिवहन घोटाला, 5000 करोड़ रुपये का गरीब कल्याण अन्न योजना में घोटाला और 1300 करोड़ रुपये का गोदाम घोटाला हुआ।**

******************

**भूपेश बघेल सरकार में पब्लिक सर्विस कमीशन में घोटाला हुआ जिसमें लाखों युवाओं से नौकरी के बदले पैसे की मांग की गई। छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण काल में सेस लगाया गया किंतु एक पैसा भी खर्च नहीं किया गया।**

******************

**छत्तीसगढ़ में डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड में लगभग 700 करोड़ रुपये के घोटाले हुए, यह आरोप कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने ही अपनी सरकार पर लगाया है। बघेल सरकार यह सरकार हर मोर्चे पर फेल हो गई है।**

******************

**छत्तीसगढ़ के आदिवासी इलाकों में हजारों बच्चे इलाज के अभाव में अकाल मृत्यु को प्राप्त हो रहे हैं। इन इलाकों में लगभग 13 हजार से अधिक नवजात शिशु के मरने की खबर है। संरक्षित पंडो जनजाति के लोग कुपोषण के शिकार बने हैं। कांग्रेस की सरकार में एक हजार से अधिक किसानों ने आत्महत्या की है। इतने छोटे से प्रदेश में लगभग 5,000 से अधिक बलात्कार की घटनाएं हुई।**

******************

**भूपेश बघेल कहते हैं कि मैं चावल खरीदता हूँ जबकि आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने 92 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा है और किसानों को एमएसपी का 74 हजार करोड़ रुपये सीधे उनके एकाउंट में भेजा है। भूपेश बघेल जी ने धान खरीद के लिए किसानों को सिर्फ 12 हजार करोड़ रुपये ही दिया है।**

******************

**केंद्र में जब सोनिया-मनमोहन की कांग्रेस सरकार थी, तब यूपीए की सरकार ने छत्तीसगढ़ को 10 वर्षों में 74,000 करोड़ रुपये दिया था जबकि श्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने विगत 9 वर्षों में छत्तीसगढ़ को लगभग 3 लाख करोड़ रुपये दिए हैं। ये सारे पैसे भूपेश बघेल सरकार के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है।**

******************

**भाजपा के राष्ट्रव्यापी अभियान 'संपर्क से समर्थन' के तहत श्री शाह ने दुर्ग में प्रसिद्ध पंडवानी गायिका पद्मश्री उषा बारले जी से मुलाक़ात की और श्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 9 साल की उपलब्धियों की बुकलेट भी सौंपी।**

******************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज गुरुवार को आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार के 9 सफल वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में दुर्ग, छत्तीसगढ़ में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित किया और बीते 9 साल में देश की विकास यात्रा की विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री अरुण साव, प्रदेश के भाजपा प्रभारी श्री ओम प्रकाश माथुर, सह-प्रभारी श्री नितिन नबीन, पार्टी के सांसद श्री विजय बघेल सहित पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं नेता उपस्थित थे। इससे पहले **भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रव्यापी**

**अभियान 'संपर्क से समर्थन' के तहत श्री शाह दुर्ग में प्रसिद्ध पंडवानी गायिका पद्मश्री उषा बारले जी के घर गए, उसने मुलाक़ात की और श्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 9 साल की उपलब्धियों की बुकलेट भी सौंपी।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार के 9 सफल वर्ष पूरे होने पर आज मैं दुर्ग, भिलाई में स्टील नगरी में जनता को धन्यवाद देने आया हूँ। **यहाँ उमड़े जन सैलाब को देखकर मैं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री को कहना चाहता हूं कि आपकी उलटी गिनती शुरू हो गई है।** छत्तीसगढ़ प्रभु श्रीराम का ननिहाल भी है। प्रभु श्रीराम के वन गमन का रास्ता भी यहाँ पर है। मैं मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान् श्रीराम को नमन करता हूँ। **छत्तीसगढ़ की जनता के आशीर्वाद से श्री नरेन्द्र मोदी जी दो-दो बार प्रधानमंत्री बने हैं। 2024 में भी छत्तीसगढ़ की जनता ने श्री नरेन्द्र मोदी जी को ही लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का निर्णय ले लिया है। इससे पहले 2023 में छत्तीसगढ़ विधानसभा का चुनाव भी है जिसमें निश्चित रूप से इस बार कमल खिलेगा।**

श्री शाह ने कहा कि बीते सोनिया-मनमोहन की कांग्रेस सरकार के 10 वर्षों में घपले और घोटाले ही हुए। उस दौरान लगभग 12 लाख करोड़ रुपये के घपले-घोटाले के समाचार आये थे। श्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 9 वर्ष हुए हैं लेकिन विपक्ष भी हमारी सरकार पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा सका है। आदरणीय प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के जरिये देश के दुश्मनों को करारा जवाब दिया गया कि भारत अपनी सीमाओं की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। ये प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं जिन्होंने जनता की वर्षों की मांग को पूरा करते हुए धारा 370 समाप्त किया। ये प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं जिनके कर-कमलों से अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर रामलला के भव्य मंदिर का शिलान्यास हुआ और बहुत जल्द प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर हम सबके सामने होगा। कांग्रेस ने 70 सालों तक अपने वोट बैंक के लिए प्रभु श्रीराम के प्रति अन्याय किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने प्रभु श्रीराम को सम्मान के साथ जहां उनका जन्म हुआ था, वहीं पर भव्य मंदिर स्थापित करके सम्मान के साथ बिठाने का काम किया है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **श्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 9 वर्ष भारत गौरव के 9 वर्ष हैं, गरीब कल्याण के 9 वर्ष हैं, भारत उत्कर्ष के 9 वर्ष हैं।** आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने गरीबों को पक्के घर दिए हैं, हर घर में गैस कनेक्शन, नल से जल, शौचालय, बिजली और आयुष्मान कार्ड दिया है। साथ ही, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत हर गरीब को हर महीने मुफ्त में 5 किलो अनाज दिया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 220 करोड़ वैक्सीन डोज देकर देशवासियों को कोरोना से सुरक्षित किया है।

श्री शाह ने कहा कि **2014 में देश की अर्थव्यवस्था 10वें स्थान पर थी, आदरणीय प्रधानमंत्री जी 9 वर्षों में इसे पांचवें स्थान पर लेकर आये हैं। हाल ही में हमारे प्रधानमंत्री जी G-7 की बैठक में भाग लेने जापान गए थे, तब अमेरिका के राष्ट्रपति हमारे प्रधानमंत्री जी का ऑटोग्राफ ले रहे थे। कोई उनका पाँव छूकर अभिवादन करता है, कोई उनसे मुलाक़ात के लिए अपॉइंटमेंट मांगता है, कोई उन्हें अपने देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान देता है। अभी प्रधानमंत्री जी अमेरिका की राजकीय यात्रा पर हैं जहाँ उनका भव्य सम्मान हो रहा है। हर जगह उनके सम्मान में 'मोदी-मोदी' के नारे लगते हैं। यह सम्मान हर भारतवासी का सम्मान है, यह सम्मान छत्तीसगढ़ के नागरिकों का भी सम्मान है।** प्रधानमंत्री जी ने पूरी दुनिया में भारत का मान सम्मान बढ़ाया है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि **कांग्रेस की सरकार में देश में वामपंथी उग्रवाद चरम पर था। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के शासन में वामपंथी उग्रवाद बहुत ही कम क्षेत्र में सीमित होकर रह गया है। आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने एक अत्यंत गरीब परिवार से आई आदिवासी बेटी को देश के राष्ट्रपति पद पर प्रतिष्ठित किया। उन्होंने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया।**

श्री शाह ने कहा कि **छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार घोटाले पर घोटाले कर रही है। बघेल सरकार वादाखिलाफी करने वाली सरकार है। भूपेश बघेल की सरकार ने छत्तीसगढ़ में शराबबंदी की घोषणा की थी लेकिन यहाँ पर शराब की होम डिलीवरी शुरू कर दी। कांग्रेस की छत्तीसगढ़ सरकार ने 10 लाख नौकरी देने की घोषणा की थी लेकिन कितनों को अब तक नौकरी दी गई, किसी को भी नहीं पता। कांग्रेस की सरकार ने छत्तीसगढ़ में बेरोजगारों को 2,500 रुपये प्रति माह बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था, किसी को भी नहीं मिला। किसानों का कर्जा माफ़ करने का भी वादा किया गया था, वह भी पूरा**

**नहीं हुआ। रेडी टू इट भोजन बनाने वाली 22 हजार महिलाओं की नौकरी चली गई। बुजुर्ग माताओं को वृद्धा पेंशन भी समय पर नहीं मिल रहा है।** इतना ही नहीं, **बघेल सरकार ने छत्तीसगढ़ पर डेढ़ लाख करोड़ रुपये का कर्जा भी चढ़ा दिया है। हमारे चावल वाले बाबा रमन सिंह जी जब मुख्यमंत्री थे, तब तेंदु पत्ता का सही रेट और पैसा दोनों मिलता था जबकि आज गरीब आदिवासियों का तेंदु पत्ता का लगभग 500 करोड़ रुपये का बकाया है। बघेल जी को शर्म आनी चाहिए। आपने इतनी वादाखिलाफी की है कि छत्तीसगढ़ की जनता चुनाव की राह देख रही है। चुनाव आते ही आपकी कुर्सी पलटना तय है।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **भूपेश बघेल सरकार में लगभग 2,000 करोड़ रुपये का शराब घोटाला हुआ, लगभग 500 करोड़ रुपये का कोयला परिवहन घोटाला, 5000 करोड़ रुपये का गरीब कल्याण अन्न योजना में घोटाले का आरोप है, 1300 करोड़ रुपये का गोदाम घोटाला हुआ, पब्लिक सर्विस कमीशन में घोटाला हुआ जिसमें लाखों युवाओं से नौकरी के बदले पैसे की मांग की गई। छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण काल में सेस लगाया गया किंतु एक पैसा भी खर्च नहीं किया गया। डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड में लगभग 700 करोड़ रुपये के घोटाले हुए, यह आरोप कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने ही अपनी सरकार पर लगाया है।** इतने घोटाले करनी वाली सरकार को चुनना चाहिए क्या? **यह सरकार हर मोर्चे पर फेल हो गई है।**

भूपेश बघेल सरकार पर हमला जारी रखते हुए श्री शाह ने कहा कि **आदिवासी इलाकों में हजारों बच्चे इलाज के अभाव में अकाल मृत्यु को प्राप्त हो रहे हैं। इन इलाकों में लगभग 13 हजार से अधिक नवजात शिशु के मरने की खबर है। संरक्षित पंडो जनजाति के लोग कुपोषण के शिकार बने हैं। कांग्रेस की सरकार में एक हजार से अधिक किसानों ने आत्महत्या की है।** भूपेश बघेल जी को शर्म आनी चाहिए कि प्रदेश में क्या हो रहा है। **इतने छोटे से प्रदेश में लगभग 5,000 से अधिक बलात्कार की घटनाएं हुई। भूपेश बघेल आज चावल का यश ले रहे हैं जबकि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने लगभग 92 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा है। ये कह रहे हैं कि मैं चावल खरीदता हूँ जबकि आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने किसानों को एमएसपी का 74 हजार करोड़ रुपये सीधे उनके एकाउंट में भेजा है। भूपेश बघेल जी ने धान खरीद के लिए किसानों को सिर्फ 12 हजार करोड़ रुपये ही दिया है। हमारे पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह जी ने धान खरीद के पूरे सिस्टम को विकसित किया था।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने छत्तीसगढ़ प्रदेश का निर्माण किया, हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने इस प्रदेश को संवारने का प्रयास किया है। हमारे सेवा काल में मुख्यमंत्री रमन सिंह जी ने छत्तीसगढ़ को बीमारु प्रदेश की सूची से बाहर निकाला।** आने वाले समय में भी भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ को आगे विकसित प्रदेश की ओर ले जाएंगे। **केंद्र में जब सोनिया-मनमोहन की कांग्रेस सरकार थी, तब यूपीए की सरकार ने छत्तीसगढ़ को 10 वर्षों में 74,000 करोड़ रुपये दिया था जबकि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने विगत 9 वर्षों में छत्तीसगढ़ को लगभग 3 लाख करोड़ रुपये दिए हैं। ये सारे पैसे भूपेश बघेल सरकार के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है।**

श्री शाह ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी पीएम किसान सम्मान निधि के तहत छत्तीसगढ़ के लगभग 38 लाख किसानों को सालाना छह-छह हजार रुपये दे रहे हैं। जल जीवन मिशन के तहत लगभग 24 लाख माताओं को नल से जल पहुंचाया है। आयुष्मान भारत योजना का लाभ छत्तीसगढ़ के लगभग 8.5 करोड़ लाभार्थियों को मिल रहा है। राज्य के लगभग 38 लाख बहनों को शौचालय दिया गया, लगभग 52 लाख लोगों को गरीब कल्याण अन्न योजना का लाभ मिल रहा है, 6 लाख गरीब माताओं को उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिया गया। भिलाई में आईआईटी दिया गया।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **दुर्ग में 30 से अधिक जन औषधि केंद्र खोले गए। 30 हजार से ज्यादा लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर दिया गया। 2 लाख से अधिक लोगों को जल जीवन मिशन के तहत नल से जल पहुंचाया गया। 90 हजार माताओं को गैस सिलिंडर दिया गया।**

श्री शाह ने कहा कि **कांग्रेस पार्टी राहुल गाँधी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए पूरा जोर लगा रही है। मैं देश भर में दौरा कर रहा हूँ। यह सत्रहवाँ राज्य हैं। मैं जहाँ भी जाता हूँ, जनता जनार्दन से पूछता हूँ कि अगला प्रधानमंत्री कौन बनेगा तो जनता की एक**

**ही आवाज होती है मोदी-मोदी।** मैं आपसे भी पूछता हूँ कि 2024 में देश का प्रधानमंत्री कौन बनेगा? जनता ने 'मोदी-मोदी' के गगनभेदी नारे लगाए। छत्तीसगढ़ में किसकी सरकर बनेगी? जनता ने 'भाजपा-भाजपा' के नारे से पूरे इलाके को गुंजायमान कर दिया।

*****************************